HINDI SAHITYA

Semester-I

Time Allowed : 3 Hours] [Maximum Marks : 75

नोट : सभी प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर उत्तर दीजिए।

खण्ड-क

1. पृथ्वीराज रासो की प्रमाणिकता एवं अप्रमाणिकता पर लेख लिखिए।

अथवा

आदिकाल की प्रवृतियों को वर्णित कीजिए। 9

2. संज्ञा की परिभाषा बतलाते हुए उसके भेदों को उदाहरण देकर समझाइए।

अथवा

सर्वनाम को परिभाषित करते हुए उसके भेद लिखिए। 8

खण्ड-ख

3. 'आंसू' कविता अथवा 'जूही की कली' कविता का सार लिखिए।

अथवा

सुमित्रानंदन पंत का जीवन परिचय एवं साहित्यक योगदान लिखिए। 9

4. निम्नलिखित में से किसी **एक** पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

"घिर जाती प्रलय घटाएँ
कुटिया पर आकर मेरी
तम चूर्ण बरस जाता था
छा जाती अधिक अंधेरी।"

अथवा

"वह आता–
दो टूक कलेजे के करता पछताता
पथ पर आता।
पेट–पीठ दोनों मिलकर हैं एक
चल रहा लकुटिया टेक,
मुट्ठी भर दाने को भूख मिटाने को
मुंह फटी पुरानी झोली को फैलाता।" 5

5. थके पाँव उपन्यास में समाज की किन समस्याओं को वर्णित किया गया है? लिखिए। अथवा
उपन्यास में केशवचन्द्र की चारित्रिक विशेषताओं को वर्णित कीजिए। 9

6. निम्नलिखित गद्यांशों में से किसी **एक** की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

"वर्तमान पीढ़ी अपनी अगली पीढ़ी को अपना सब कुछ देकर बनाती है........ भविष्य अगली पीढ़ी का है। पिछली पीढ़ी के पास तो केवल अतीत है......... अतीत मृत्यु का दूसरा नाम है। यही सृजन का क्रम है...

www.questionpaperesult.com

Scanned by CamScanner

..... यही कुरूप और कटु सत्य है।"

अथवा

"मैं जानवर नहीं हूँ कि जिसके साथ चाहा बांध दिया, मैं सम्पति नहीं हूँ जिसे चाहा उसे दे दिया। और शायद माया ने गलत नहीं कहा था। समाज में जिस तरह लड़की का विवाह किया जाता है, वह लड़की के साथ अन्याय है।" 5

खण्ड-ग

7. निम्नलिखित सभी लघु प्रश्नों के उत्तर अनिवार्य हैं : 15x2=30

(i) 'विधवा' कविता की मूल संवेदना क्या है? लिखिए।
(ii) आदिकाल की राजनैतिक परिस्थिति को वर्णित कीजिए।
(iii) 'ताज' कविता का उद्देश्य लिखिए।
(iv) 'थके पाँव' उपन्यास में बेरोज़गारी के प्रमुख कारणों को बतलाइए।
(v) 'आँसू' काव्य का आलम्बन क्या है ?
(vi) दो रासो ग्रन्थों के नाम लिखिए।
(vii) सुशीला नौकरी क्यों करन चाहती है ? लिखिए।
(viii) रानी कौन थी ? उसके चरित्र पर प्रकाश डालिए।
(ix) माधुरी के स्वभाव के चिड़चिड़ेपन का कारण लिखिए।
(x) 'फागुन के गीत' कविता का सार लिखिए।
(xi) 'विगत प्यार' कविता का मूल भाव लिखिए।
(xii) आदिकाल के नामकरणों के सम्बन्ध में आचार्य शुक्ल का अभिमत लिखिए।
(xiii) 'प्रेम पथिक' कविता का उद्देश्य लिखिए।
(xiv) 'थके पाँव' उपन्यास में दहेज की समस्या पर प्रकाश डालिए।
(xv) प्रसाद की दो रचनाओं के नाम लिखिए।

www.questionpaperesult.com

Scanned by CamScanner